द्वारा ई–मेल/फैक्स/महत्वपूर्ण

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–।

संख्याःपाँच–470(वरिष्ठता–अपूर्ण अभिलेख)/2015 दिनाँकःमार्च 05,2016

## आदेश

पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक आदेश दिनाँक 23–01–2016 के क्रम में उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत प्राधिकृत चयन समिति द्वारा निम्नलिखित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु विचार कर यह पाया गया कि इन कार्मिकों के सेवाभिलेख अपूर्ण तथा वाँछित सूचनायें उपलब्ध नहीं होने के कारण उनकी उपयुक्तता के बारे में वस्तुनिष्ठ निर्णय नहीं किया जा सका, ऐसे कार्मिकों के लिये रिक्तियाँ सुरक्षित रखते हुये निर्णय स्थागित किया गया है तथा पूर्ण सेवाभिलेख प्राप्त होने पर इन्हें आगामी विभागीय प्रोन्नति समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उचित निर्णय कराया जाना अपेक्षित है:–

| क0सं0 | पीएनओ | कर्मचारी का नाम | पिता का नाम | जनपद/इकाई | परिक्षेत्र/इकाई | चयन का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 882540524 | सिमरजीत कौर | अवतार सिंह | शामली | सहारनपुर | 2014 |
| 2 | 762731668 | जितेन्द्र कुमार | देवी प्रसाद | लखनऊ | लखनऊ | 2014 |
| 3 | 982630035 | राय साहब यादव | अजमेर यादव | बाराबंकी | फैजाबाद | 2014 |
| 4 | 982430026 | देवीवर शुक्ल | दूधनाथ शुक्ल | वाराणसी | वाराणसी | 2014 |
| 5 | 982750027 | विशाल त्यागी | बृजपाल त्यागी | ई0ओ0डब्लू0, लखनऊ | – | 2014 |
| 6 | 982491100 | सोमेश वर्मा | मोहन लाल वर्मा | मथुरा | आगरा | 2014 |

2– उपरोक्त उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के सम्बन्ध में अभिलेख प्राप्त/पूर्ण होने पर इन उपनिरीक्षक ना0पु0 के प्रकरण पर प्राधिकृत चयन समिति द्वारा नियमानुसार शीघ्र विचार किया जायेगा एवं उपयुक्त पाये जाने की दशा में इन्हें अपने कनिष्ठ के पदोन्नति की तिथि से समस्त सेवा का लाभ देय होगा।

3– सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष से अनुरोध किया जा रहा है कि वे सम्बन्धित उपनिरीक्षकों के सेवा अभिलेख पूर्ण कराकर अद्यावधिक चरित्रपंजिका एवं बोर्ड प्रपत्र–1 में पूर्ण सूचनायें पुलिस मुख्यालय को तत्काल उपलब्ध करायें, ताकि प्राधिकृत बोर्ड के समक्ष रखकर निरीक्षक पद पर पदोन्नति के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करायी जा सके।

C-

3– आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **http://uppolice.gov.in** पर प्रदर्शित की जा रही है।

(ए0 के0 शुक्ल)
पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः**निम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– पुलिस महानिरीक्षक, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, आगरा जोन आगरा उत्तर प्रदेश।
2– पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर, लखनऊ, फैजाबाद, वाराणसी, आगरा परिक्षेत्र आगरा उत्तर प्रदेश।
3– वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, शामली/लखनऊ/बाराबंकी/वाराणसी/ई0ओ0डब्लू0, लखनऊ एवं मथुरा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे कृपया अपने जनपद से सम्बन्धित उपनिरीक्षकों का सेवा अभिलेख तत्काल पूर्ण कराकर अद्यावधिक सेवा अभिलेख एवं बोर्ड प्रपत्र–1 में सूचनायें शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संख्या तथा दिनॉक वही।**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ प्रेषितः–

1– अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक उ0 प्र0 लखनऊ।
2– पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना उ0प्र0 लखनऊ।
3– सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।